National Service Scheme
S.M.S.G. College
Sherghati (Gaya) – 824211

<u>Photos of the Tree Plantation Programme (20.08.2021)</u>

NORTH BLOCK

वन महोत्सव
NATIONAL SERVICE SCHEME

दैनिक भास्कर

एसएमएसजी कॉलेज में छात्रों व शिक्षकों ने किया पौधरोपण

एसएमएसजी कॉलेज में पौधारोपण करते छात्र।

सिटी रिपोर्टर| शेरघाटी

'एक पेड़ एक जिंदगी' अभियान से शहर की कई संस्थाएं, समूह और स्कूल-कॉलेज जुड़ रहे हैं। इसी कड़ी में वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत एसएमएसजी कॉलेज के प्राचार्य अरुण कुमार रजक, एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. लखभद्र सिंह नरुका ने पौधारोपण किया। इस कार्यक्रम के तहत कॉलेज परिसर में सौ से अधिक पौधे लगाए । इस दौरान शिक्षकों और छात्रों ने लगाए गए पौधों की देखरेख का भी जिम्मा लिया। मौके पर डॉ. एनपी सिंह, डॉ. मदन मोहन शर्मा, डॉ. सीताराम मिश्रा, डॉ. सच्चिदानंद त्रिपाठी, डॉ. अबुल लैस, डॉ. अजेंद्र कुमार, डॉ. नीरज कुमार सिंह, शिक्षकेत्तर कर्मचारी पंकज कुमार, दिनेश यादव, शिशिर कुमार, अजय कुमार व एनएसएस के स्वयंसेवक आदि मौजूद थे।

एसएमएसजी कॉलेज में वन महोत्सव मना

राष्ट्रीय सहारा!

पौधरोपण करते प्राचार्य व अन्य।

आमस (एसएनबी)। प्रखण्ड के हमजापुर स्थित महंत शतानंद गिरी इएसएमएसजी) कॉलेज में एनएसएस यूनिट द्वारा वन महोत्सव मनाया गया. जहाँ कॉलेज के शिक्षकेत्तर कर्मचारियों, शिक्षकों, एनएसए स्वयंसेवकों और छात्रों ने कॉलेज परिसर में एक सौ से अधिक फलदार एवं छायेदार पौधे लगाये. उक्त कार्यक्रम संयोजक सह एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ लखभद्र सिंह नक्का ने बताया कि इस मौके पर कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर अरुण रजक ने लोगों को सम्बोधित करते हुए ग्लोबल वार्मिंग पर विस्तार से चर्चा की तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

श्री रजक ने कहा कि वनों की अंधाधुन कटाई के कारण ही आज समय पर वर्षा नहीं हो रही है. जिसके लिए लोगों को जागरूक और अधिक संख्या में वृक्षारोपण करने की जरूरत है. मौके पर प्रोफेसर डॉ एनपी सिंह, डॉ मदन मोहन शर्मा, डॉ सीताराम मिश्रा, डॉ सच्चितानंद त्रिपाठी, डॉ अबुल लैस, डॉ अजेंन्द्र कुमार, डॉ नीरज कुमार, शिक्षकेत्तर कर्मचारी पंकज कुमार, दिनेश यादव, शिशिर कुमार, अजय कुमार, मो ताज और नदीम अखतर समेत काफी संख्या में छात्र-छात्रायें मौजूद रहे।